डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे
# गुरु एक्सप्रेस
सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल
वर्ष 19 | अंक 118 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | सोमवार 10 फरवरी 2025 | मूल्य 2 रुपया

## सड़क हादसा: एक की मौत, एक घायल

**नीमच, 09 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** रतनगढ़ थाने की डीकेन चौकी क्षेत्र के गांव दड़ौली के मुख्य मार्ग पर बीती रात अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान उक्त बाइक पर ही पीछे बैठा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया।

जानकारी के अनुसार बाइक क्रमांक आरजे 09 टीएस 6754 पर देवीलाल पिता रामलाल भील और रामचंद्र पिता हरदेव भील निवासी ग्राम परिछा थाना सिंगोली दोनों पेशी पर जावद न्यायालय गए थे। जहां से वापस गांव लौटते समय देर रात करीब 11 बजे दड़ौली गांव के मुख्य मार्ग पर इन बाइक सवारों को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। सड़क हादसे में देवीलाल पिता रामलाल भील उम्र 40 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। पीछे बैठा रामचंद्र पिता हरदेव भील गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल व्यक्ति को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू की।




# अल्पसंख्यक नेता इकबाल ने सरकारी जमीन पर बना डाला काम्पलेक्स..?

**मंदसौर, 09 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। शहर के प्रतापगढ़ रोड़ पर इन दिनों सरकारी जमीनो पर अवैध रूप से व्यवसायिक काम्पलेक्स का निर्माण कर अवैध लाभ अर्जित करने का मामला प्रकाश में आया है। जिस जमीन पर अवैध रूप से काम्पलेक्स का निर्माण किया गया है, वह सरकारी बताई जा रही है। लेकिन, यह जमीन कागजो में निजी कैसे हो गई? यह सरकारी मशीनरी के लिए जांच का विषय है।**

मिली जानकारी के अनुसार नाका नंबर 10 प्रतापगढ़ रोड़ पर जो जमीन वर्ष 1938 - 39 में राजस्व रिकॉर्ड में सरकारी दर्ज थी। इस भूमि पर इकबाल बेली द्वारा सांठ-गांठ व राजनीतिक प्रभाव दिखाकर पहले तो अवैध रूप से कब्जा किया गया। उसके बाद यहां अवैध रूप से व्यवसायिक काम्पलेक्स का निर्माण किया गया है। सूत्रों की माने तो मशीनरी को साधकर यहां दुकानों को शने:शने: विक्रय भी किया जा रहा है। लेकिन, दुकाने खरीदने वाले लोगों को यह जानकारी नही है कि जहां दुकाने बनाई गई है, वह जमीन पूर्व रिकार्ड में मिल्कियत सरकार दर्ज थी।

सूत्रो की माने तो सर्वे क्रमांक 2059 रकबा नंबर 0.189 वर्तमान में कागज में एक अल्पसंख्यक नेता के नाम पर दर्ज हो गई है। लेकिन, जब पुराने दस्तावेज खंगाले गए तो पता चला यह जमीन सरकारी है। लेकिन, अब तक इस मामले में राजस्व विभाग भी अनजान बना हुआ है। ऐसे में एसडीएम सहित अन्य जिम्मेदार अधिकारियों को इस पर तत्काल संज्ञान लेकर जांच करवाना चाहिए। नही तो सरकारी जमीन की बंदरबांट हो जाएगी और अपनी खून पसीने की कमाई लगाकर दुकाने खरीदने वाले लोग भविष्य में परेशानी का सामना करने को मजबूर होंगे?




### जमीन-दुकान खरीदने के पहले रखे सावधानी...

प्रतापगढ़ रोड़ स्थित नाका नंबर 10 पर सरकारी जमीनो पर अवैध रूप से काम्पलेक्स बनाकर दुकाने बेची जा रही है। इस पर भविष्य में सरकारी तलवार लटक सकती है। ऐसे में यहां दुकान खरीदने वाले लोगों को सावधान हो जाना चाहिए, वहीं पूरे मामले की बारीकी से जांच कर ही लाखों रूपए लगाना चाहिए। नहीं तो भविष्य में कोई जांच ईमानदारी से हुई और जमीन सरकारी घोषित हुई तो दुकाने लेने वाले लोगों की गाढ़ी कमाई की राशि डूब सकती है? इसलिए सावधान रहकर ही इस क्षेत्र में जमीनों की खरीदी कराना चाहिए।

### नियम कायदे ताक पर...

# अचल संपत्ति बेचने के लिए पांच सौ-हजार के स्टाम्प का उपयोग

**✻ नहीं होती विक्रय मूल्य के मान से रजिस्ट्री ✻ रतलाम-नीमच जिला पंजीयक ने दिखाई सख्ती, मंदसौर में इंतजार**

**मंदसौर, 09 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** संपत्तियों की रजिस्ट्री से पहले लिखित अनुबंध यानी एग्रीमेंट होता है। यूं तो अनुबंध रजिस्ट्रार कार्यालय में पंजीकृत करवाने के नियम है। लेकिन, अधिकतर लोग सिर्फ पांच सौ या एक हजार के स्टॉम्प पर लिखा पढ़ी कर लेते हैं और सौदा अटका देते हैं। जब फाइनल लेन-देन हो जाता है तो प्रापर्टी की रजिस्ट्री करवा लेते हैं। इससे सरकारी गाइड लाइन के मान से ही रजिस्ट्री होती है। विक्रय मूल्य के मान से रजिस्ट्री नहीं होने से राजस्व की भी हानी होती है। ऐसे में रतलाम-नीमच जिला पंजीयक ने सख्ती दिखाते हुए आदेश जारी किया है। बता दे कि रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1908 की धारा 17 के अनुसार अचल संपत्ति के विक्रय के अनुबंध का पंजीयन अनिवार्य है।

संपत्तियों के ज्यादातर सौदे प्रॉपर्टी ब्रोकरों के माध्यम से होते हैं। इसमें संपत्ति बेचने और खरीदने वालों के बीच करार होता है और कितने में प्रॉपर्टी बेची जा रही है इसका उल्लेख रहता है। चूंकि सौदा अधिक राशि का होता है और यही कारण है कि उसे कोई उप पंजीयक कार्यालय में पंजीकृत नहीं करवाता। इसके कारण संपत्ति के असल विक्रय मूल्य के मान से रजिस्ट्री नहीं होती है।



सरकारी गाइडलाइन के मान से ही दस्तावेज पंजीकृत होते हैं। जबकि, शहर में संपत्तियों के दाम आसमान छू रहे हैं। एक महीने में जिले के उपपंजीयक कार्यालयों में एक हजार से 1300 दस्तावेजों का पंजीयन होता है। इसमें सेल डीड, मॉर्टगेज, वसीयतनामा अधिक रहते हैं। लेकिन, विक्रय पत्रक इक्का-दुक्का ही होते हैं। ऐसे में अधिकांश सौदे बिना उप पंजीयक कार्यालय के बाहर ही हो जाते हैं। इसका मुख्य कारण ये भी है कि कई बार थर्ड पार्टी सौदे होते हैं। जिसमें संपत्ति खरीदता कोई और है और रजिस्ट्री से पहले अनुबंध से ही दो से तीन बार संपत्ति की खरीद-फरोख्त हो जाती है। आखिर में जब रजिस्ट्री का समय आता है तो असल विक्रेता व आखिरी खरीदार को रजिस्ट्री करवा देता है। यही कारण है कि कई बार धोखाधड़ी की नीयत से एक ही प्रॉपर्टी दो बार बेच दी जाती है और फिर विवाद होने पर मामले कोर्ट पहुंचते हैं।

### स्टाम्प ड्यूटी से तीन गुना होती है विक्रय राशि...

संपत्तियों की असल कीमत लाखों और करोड़ो में होती है। ऐसे में सौदे की राशि अधिक होने पर उसी के मान से स्टाम्प ड्यूटी भी विक्रय अनुबंध के समय देना होती है। लेकिन लोग पैसा बचाने के चक्कर में भी अचल संपत्ति के विक्रय अनुबंध का पंजीयन नहीं कराते हैं। बता दें कि गाइड लाइन रेट से तीन से चार गुना में प्रॉपर्टी की खरीदी व बिक्री होती है।

### कोर्ट में मान्य नहीं हैं ऐसे स्टाम्प पर किए अनुबंध...

कई बार एक ही अचल संपत्ति के एक से अधिक सौदे हो जाते हैं। ऐसे अनुबंध कोर्ट में मान्य नहीं हैं। क्योंकि, वे पंजीकृत नहीं होते हैं। बावजूद लोग सिर्फ संतुष्टि के लिए स्टाम्प पर अनुबंध कर लेते हैं और दो गवाहों की खानापूर्ति के लिए हस्ताक्षर करवा लेते हैं, ताकि सौदा पुख्ता हो सके।

### रतलाम-नीमच जिला पंजीयक ने जारी किए आदेश...

इसको लेकर रतलाम-नीमच जिला पंजीयक कार्यालय से आदेश जारी हुए है। जिसके अनुसार अचल संपत्ति के विक्रय अनुबंध के लिए 500-1000 रुपए के स्टाम्प जारी करने पर रोक लगा दी है। साथ ही अल्टीमेटम भी दिया है कि जो सर्विस प्रोवाइडर विक्रय अनुबंध के लिए स्टाम्प जारी करेगा तो उसका लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा। अब सर्विस प्रोवाइडर सिर्फ कर्ज या बैंकिंग संबंधी काम के लिए ही 500 या 1000 रुपए के स्टाम्प दे पाएंगे। अगर 500-1000 रुपए के स्टाम्प पर कोई विक्रय अनुबंध हुआ और मामला पंजीयन कार्यालय पहुंचा तो संबंधी सेवा प्रदाता का लाइसेंस निरस्त हो सकता है।

### इनका कहना...

फिलहाल मंदसौर जिला पंजीयक कार्यालय से इस संबंध में कोई आदेश जारी नहीं हुआ है। लेकिन, यह नियम पहले से ही लागू है। अनुबंध रजिस्ट्रार कार्यालय में पंजीकृत करवाने के नियम है।

**अश्विन राही**
**उप पंजीयक मंदसौर**

### मामला पंचायत को ठेके पर देने का...

## सरपंच ने किया अनुबंध से इनकार, सीईओ ने दस्तावेज मांगे

**नीमच, 09 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले की दाता पंचायत की सरपंच कैलाशीबाई कछावा ने अपने अधिकार पंचायत में ठेकेदारी करने वाले सुरेश गरासिया के नाम 500 रुपए के स्टाम्प पर सौंप दिए थे। अनुबंध में लिखा है कि मैं पंचायत का काम करने में असमर्थ हूं, इसलिए अपने सारे अधिकार सुरेश को सौंपती हूं सुरेश जहां कहेगा, वहां दस्तखत कर दूंगी।

मामला मीडिया की सुर्खियां बना। इसके बाद जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव ने संज्ञान लेते हुए सरपंच व सचिव को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। इसके साथ ही दस्तावेज भी मांगे हैं। एक दिन पहले सरपंच कैलाशीबाई कछावा व सचिव जीवन पाटीदार ने जवाब प्रस्तुत किए। कैलाशीबाई ने कहा कि उन्हें अनुबंध के बारे में कोई जानकारी नहीं है। जिपं सीईओ ने अनुबंध-पत्र में बतौर गवाह हस्ताक्षर करने वाले दाता निवासी सदाराम एवं मन्नालाल को भी जनपद सीईओ मनासा के माध्यम से नोटिस जारी कराया है। इसमें दोनों को प्रकरण में कथन देने के लिए सोमवार 10 फरवरी को दोपहर 03 बजे समक्ष में उपस्थित होने के लिए सूचित किया है।

# हवाओं का रूख उत्तरी होने से ठंडक बढ़ने के आसार

मंदसौर, 09 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। जम्मू-कश्मीर से पश्चिमी विक्षोभ के गुजर जाने के बाद हवा का रुख उत्तर दिशा की ओर हो गया है। यह हवा अपने साथ कश्मीर से बर्फीली ठंडक लेकर आ रही है, जिससे मंदसौर सहित अन्य मप्र के कई शहरों में सर्दी बढ़ी है। हालांकि रविवार को राहत जरूर मिली। लेकिन, मौसम विभाग के अनुसार 12, 13 और 14 फरवरी को प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है। इस दौरान तापमान में भी गिरावट दर्ज की जा सकती है। मंदसौर सहित कई जिलों में बादल छाए रह सकते हैं। हालांकि 20 फरवरी के बाद तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना है। फिलहाल प्रदेश के कई हिस्सों में शीतलहर चल रही है और तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे है।

अंचल में रविवार से मौसम में बदलाव देखने को मिला है। पिछले दो दिनों से जारी कड़ाके की ठंड से दोपहर की धूप के चलते लोगों को राहत मिली है। वर्तमान में अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, 08 फरवरी से एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय हुआ है, जिसका प्रभाव 13 फरवरी तक देखने को मिलेगा। इस दौरान आसमान में बादल छाए रहने की संभावना है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि 20 फरवरी के बाद तापमान में तेजी से वृद्धि होगी।



### बदलेगी हवाओं की दिशा...

प्रदेश के विभिन्न शहरों में सर्द हवाओं की रफ्तार 20 से 25 किलोमीटर प्रति घंटा तक दर्ज की गई है। जबकि मंदसौर क्षेत्र में हवाओं की गति 07 किलोमीटर प्रति घंटा रही। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में न केवल मौसम में बदलाव आएगा, बल्कि हवाओं की दिशा में भी परिवर्तन देखने को मिलेगा।

मौसम वैज्ञानिको के मुताबिक जम्मू-कश्मीर में नया पश्चिमी विक्षोभ आ रहा है। इसके आने के बाद 11 फरवरी से मौसम में बदलाव आएगा। राजस्थान में चक्रवातीय घेरा भी विकसित होगा। नमी आने पर सर्दी घटेगी। पश्चिमी विक्षोभ के गुजर जाने के बाद फिर से तापमान में गिरावट दर्ज होगी।

## दुर्घटना में बस ड्राइवर पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 09 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** दो माह पूर्व हुई दुर्घटना के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया। समता गैस एजेसी पिकअप ड्राइवर काचरिया चन्द्रावत निवासी बबलू ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई 1 दिसम्बर 2024 को प्रातः 8 बजे पिपलियामंडी में मनासा मार्ग पर जैन स्थानक के सामने जयमाला बस (एमपी 44 जेडबी 7024) के ड्राइवर ने पिकअप (एमपी 14 जीसी 0390) को टक्कर मार दी, जिससे पिकअप क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने विवेचना के बाद बस ड्राइवर पर केस दर्ज किया।

# परीक्षा के दौर में भी कम नहीं हो रहा शोर

**नियम कायदों की नहीं परवाह, ऊंची आवाज में बज रहे डीजे, ढोल और बैण्ड बाजे**

**मंदसौर, 09 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** वर्तमान में कक्षा 8वीं की प्री बोर्ड परीक्षाएं चल रही है। कक्षा 10वीं व 12वी सहित सभी प्रकार की एमपी बोर्ड परीक्षाएं तथा सीबीएसई बोर्ड परीक्षाएं इसी माह के दूसरे और तीसरे सप्ताह से शुरू होना है। यह पहली बार हो रहा है, जब प्रशासन ध्वनि विस्तारक यंत्र पर प्रभावी रोक लगा पाने में असहाय साबित हो रहा है। कागज में भले रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक शोर पर रोक हो। लेकिन, बच्चो की पढ़ाई के बीच हवा...हवा ओ हवा..खुशबू लूटा दे.., एक-दो-तीन जैसे गानों का शोर बच्चों को परेशान कर रहा है। सरकारी आदेश को न बैंड वाले मान रहे है न जिम्मेदार अधिकारी डीजे वालों से इसका पालन करवा पा रहे है। बिना अनुमति शहर की सड़को व गलियों में दिन भर से लेकर देर रात तक बैंड व डीजे तेज आवाज में शोर शराबा कर रहे हैं। इससे स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ ही नागरिक भी परेशान हैं। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट द्वारा लाउड स्पीकर चलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। लेकिन, शहर में कोर्ट के निर्देशों का भी पालन नहीं किया जा रहा है। गली-गली धूमकर शोर शराबा करने वाले स्पीकरों को लेकर पहले भी छात्रों से लेकर नागरिक शिकायत कर चुके हैं। इन पर पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

शहर भर में अनेक रिसोर्ट और धर्मशालाएं पहले तो नियम कायदों को ताक पर रखकर रिहायशी इलाकों में बनाई गई। इधर तेज आवाज में रिसेप्शन हो या महिला संगीत, डीजे निर्धारित समय से अधिक समय तक तेज आवाज में बज रहे हैं। ऐसे में धर्मशाला या रिसोर्ट के आसपास के लोगों की नींद तो उड़ गई है। वहीं सबसे ज्यादा परेशानी विद्यार्थियों के लिए है। जिनकी पढ़ाई में यह डीजे खलल डाल रहे हैं।



### क्या है नियम...

ध्वनि अधिनियम के अनुसार अस्पताल, नर्सिंग होम, स्कूल, हॉस्टल, सरकारी दफ्तर, बैंक, कोर्ट आदि से 200 मीटर के अंदर ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करने से पहले अनुमति जरूरी है। शहर में इस निर्देश का पालन नहीं हो रहा है। पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत ध्वनि प्रदूषण नियम 2000 के तहत रहवासी क्षेत्र में 55 डेसिबल और रात में 45 डेसिबल से अधिक ध्वनि नहीं होनी चाहिए। कोलाहल अधिनियम 1985 के प्रावधानों की धारा 5, 6 व 7 के तहत बिना अनुमति के लाउड स्पीकर व ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग नहीं हो सकता। इसके बाद भी दिन भर डीजे व रिक्शे पर स्पीकर लगाकर शोर शराबा किया जा रहा है।

## अपहृत नाबालिग दस्तयाब

**पिपलियामंडी, 09 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** अपहृत नाबालिग बालिका को पुलिस ने दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया। जानकारी के अनुसार नारायणगढ थाने पर 22 जनवरी 2025 को पिता ने 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री के अपहृत होने की सूचना थने पर दर्ज कराई थी। पुलिस ने बालिका को नीमच जिले के भादवामाता से दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया।

## वाहन की टक्कर से दो घायल

**पिपलियामंडी, 09 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो व्यक्ति घायल हो गए। शनिवार रात्रि 10 बजे करीब बही चौपाटी पर बाइक (एमपी 14 एनसी 9927) पर सवार सिंदपन निवासी औंकारनाथ (70) व मनीष (27) पिता रामचन्द्र को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों घायल हो गए। दोनों को मंदसोर जिला अस्पताल भर्ती कराया।

## बाइक चोरी, प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 09 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया। सनावदा निवासी भगवानसिंह राजपूत ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि पिपलिया चोपाटी पर चाय की दुकान है, मैं दुकान पर बाइक (एमपी 14 एमएन 2181) को दुकान पर खड़ी कर शादी में चला गया। वापस आया तो बाइक नही थी। पुलिस ने बाइक चोरी का केस दर्ज किया।

# श्रीजी नगर गाडोलिया बस्ती में चोरों का धावा




## नगदी, जेवरात समेत लाखों रुपए की चोरी

**मंदसौर, 09 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर कोतवाली क्षेत्र के श्री जी नगर गाडोलिया बस्ती में शनिवार - रविवार की दरमियानी रात बदमाशों ने धावा बोला। यहां निवास करने वाले शांतिलाल मालवीय के मकान को निशाना बनाया। श्री मालवीय निकट किसी गांव के रहने वाले हैं। शनिवार और रविवार क़ी छुट्टी थी। इसलिए परिवार सहित गांव चले गए थे। मकान मालिक घर के उप्पर रहते हैं। लेकिन, वे भी वहां नहीं थे। आस पडोस में रहने वाले लोग भी बाहर गए थे। घर से 2-3 मकान छोडकर रहने वाले अपने घरों में थे।

देर रात 01 बजे के आसपास कुछ बदमाशों ने उनके घर पर धावा बोला। उनके पास सब्बल और अन्य उपकरण भी थे। जिससे ताले तोड़े और घर में घुस गए। सोने व चांदी क़ी ज्वेलरी और नगदी पर हाथ साफ किया। फिर अंदर किसी कमरे का ताला तोड रहे थे तभी 02 मकान छोडकर रहने वाले पडोसी को कुछ शंका हुई और वे आए तो बदमाशों क़ो लग गया क़ी कोई आ गया हैं। उसे चोरो ने धमकाया कि सीधा चला जा नहीं तो गोली मार देंगे। उनकी धमकी सून पडोसी ने हंगामा करके आसपास के और लोगों क़ो जगा दिया। जिसके बाद माहौल बिगडता देख बदमाश वहां से निकल भागे। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। स्थानीय रहवासियो ने शांतिलाल मालवीय क़ो सूचना देकर डायल 100 क़ो भी बुलवाया। रविवार सुबह शांतिलाल मालवीय भी आ गये। उन्होंने कोतवाली थाने पर चोरी से सम्बंधितआवेदन दिया। लेकिन, खबर लिखें जाने तक बदमाश पुलिस से काफी दूर थे।

## उधार देने से मना किया तो पीटा

**पिपलियामंडी, 09 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** उधार रुपए देने से मना किया तो पीटा। पुलिस ने केस दर्ज किया। कोटडी मांडा निवासी दरियावसिंह राजपूत ने नाहरगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई बलवंतसिंह राजपूत ने 1000 रुपए उधार मांगे, मना किया तो गाली-गलौज की व मारपीट की। लकडी से चहाथ पर मारी, जिससे चोंट आई। पुलिस ने बलवंतसिंह पर केस दर्ज किया।

# केजरीवाल हारे, अब पार्टी में बगावत की संभावना प्रबल हो गई है..!

**मंदसौर/उज्जैन, 09 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** 'आप' पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और संयोजक दोनों ही अरविंद केजरीवाल हैं। मुख्यमंत्री भी रह चुके हैं और स्वतंत्र उभरती पार्टी के सुप्रीमो होने के बाद भी डरे हुए नेता और मुख्यमंत्री की छवि चस्पा किए हुए दल को और अधिक चला नहीं पाएंगे। जब से आप पार्टी बनी दिल्ली में सरकार बनाने में सफल होते ही इसके विघटन के लक्षण उभरने लगे थे। आत्मघाती हिटलर की तरह सारे अधिकार अपने में निहित करने के लिए केजरीवाल अपने ही मददगार मित्रों की घात लगाकर राजनीतिक हत्या करते रहे। शिकार होने वालों में प्रशांत भूषण, कुमार विश्वास, शाजिया इल्मी, योगेंद्र यादव, आशुतोष, कपिल मिश्रा जैसे और भी नाम है। इन सभी ने आप पार्टी के जन्म से लेकर उदय होने तक तन मन धन से पार्टी को भरपूर सहयोग दिया था। पर एकमात्र शक्तिशाली शासक बने रहने के लिए सभी मददगार दोस्तों को एक-एक कर किनारे लगा दिया गया।


चन्द्रमोहन भगत

आप पार्टी की ऐतिहासिक चरित्र में एक घटना एकमात्र उदाहरण बनी रहेगी कि अपनी ही पार्टी की राज्यसभा महिला सदस्य स्वाति मालीवाल को अपने ही मुख्यालय में केजरीवाल के करीबी कार्यकर्ताओं ने मारपीट कर भगाया था। मालीवाल ने अभी तक आप पार्टी को त्यागा नहीं है। बावजूद इसके ये घटना अपनी ही पार्टी में अपने ही लोगों से मार खाने वाला राजनीतिक जगत का पहला और शायद अंतिम उदाहरण बना रहेगा।

एक पुरानी कहावत है, 'बंद मुट्ठी लाख की खुली तो खाक की' आप पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में पार्टी की बुरी हार के बाद उनके अपने आप पार्टी बनाने वाले दोस्तों की जैसी प्रतिक्रिया आई है। उससे सहज यह अंदाज लगाया जा सकता है कि आप के वे पदाधिकारी भी अब विद्रोह कर देंगे जो सरकार रहने तक सरकार में रहकर कुछ भी बोलने से गुरेज करते आए हैं। 'आप' के पूर्व सदस्य, सूत्रधार और केजरीवाल के करीबी दोस्त रहे कुमार विश्वास की सबसे तीखी टिप्पणी आई है। जिसमें इशारा किया गया है की मुखिया केजरीवाल हार के बाद निश्चित कमजोर हो चुके हैं और इसके कारण सभी जानते हैं। देखना यह है कि खुलासा 'आप' की समीक्षा बैठक में होगा या सार्वजनिक मंच पर। इसका भी कारण है कि पार्टी के हिटलर जैसे सुप्रीमो को जनमत ने हरा भी दिया है। इसलिए अब पदाधिकारी बेखौफ होकर बोलेंगे। राजनीतिक जगत में किसी दल के कार्यकर्ताओं पर एकाधिकार तभी तक स्वीकार्य होता है जब तक के हाथ में सत्ता रहती है। इसके उलट अब दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष भी आप पार्टी से जीतने वाला कोई विधायक बनेगा। केजरीवाल के साथ यह भी दुर्भाग्य रहा कि उनके विश्वस्त सौरभ, दुर्गेश और मनीष जैसे नाम भी चुनाव हार गए हैं। केजरीवाल के हालात कुछ ऐसे हो गए हैं

**'बहुत गुरूर था छत को छत होने का एक मंजिल और बनी, और छत फर्श हो गई।।'**

दिल्ली की राजनीति के जानकारों का तो यहां तक कहना है कि केजरीवाल ने अपनी हिटलर शाही नहीं छोड़ी तो जीते हुए विधायक, इनकी राज्यसभा सदस्य मालीवाल और अंदर ही अंदर नाराजी पाले हुए पदाधिकारी केजरीवाल को ही 'आप' पार्टी से हकाल देंगे? जैसे केजरीवाल ने कुमार विश्वास, योगेंद्र यादव, कपिल मिश्रा, आशुतोष और प्रशांत भूषण के साथ किया था..!

# स्वामी श्रीरामचरणजी महाराज की जयंती कल मनेगी



**मंदसौर, 09 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** अंतराष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के संस्थापक स्वामी श्रीरामचरण जी महाराज की 305वीं जयंती प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री निर्भय भवन रामटेकरी पर स्वामी श्री रामनिवास जी महाराज के पावन सानिध्य में 11 फरवरी 2025, मंगलवार को दोपहर 1 से 3 बजे तक मनाई जाएगी। जिसमें वाणीजी का पाठ व माता बहनों द्वारा भजन संकीर्तन होंगे तत्पश्चात आरती होंगी। सभी रामस्नेही भक्तों से निवेदन है कि समय पर पधारकर अवसर का लें।

निर्भय भवन रामटेकरी रामद्वारा की संचालिका ज्योतिषज्ञ लाडकुंवरजी, सूरजमल अग्रवाल चाचा, हरिसिंह राजपूरोहित, नरपतसिंह राजपुरोहित, प्रहलाद काबरा, जगदीश काबरा, शुभम उपाध्याय, हरिश गर्ग, श्याम विजयवर्गीय, भगवानदास विजयवर्गीय, राजेश विजयवर्गीय, जगदीश चौधरी, नरेन्द्र अग्रवाल, ब्रजेश जोशी, अशोक त्रिपाठी, ओम चौधरी, योगेश पालीवाल, प्रकाश सिसौदिया, कुलदीपसिंह पंवार एडवोकेट, डॉ. दिनेश तिवारी, सुभाष अग्रवाल, विद्या उपाध्याय, गंगादेवी अग्रवाल, पुष्पा पाटीदार, अंजू तिवारी, सुमित्रा अग्रवाल, युधिष्ठि हातावत, राजेन्द्रसिंह अखावत आदि ने सभी धर्मालुजनों से स्वामी श्रीरामचरणजी महाराज की 305 वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में पधारकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

# प्रख्यात गायक गोकुल शर्मा के भजनों पर सांवरिया सेठ की भक्ति में उत्साह से थिरके श्रद्धालु

## दशपुर सांस्कृतिक उत्सव समिति द्वारा आयोजित भजन संध्या में हजारों भक्त हुए सम्मिलित

**मंदसौर, 09 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** भगवान पशुपतिनाथ की पवित्र नगरी मंदसौर के महाराणा प्रताप बस स्टैंड पर दशपुर सांस्कृतिक उत्सव समिति द्वारा अध्यक्ष डॉ भानुप्रताप सिंह सिसोदिया की अगुवाई में सांवरिया सेठ के प्रसिद्ध भजन गायक गोकुल शर्मा की भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमे शाम से लेकर देर रात तक हजारों



भक्त भगवान श्री साँवरिया जी की संगीत के माध्यम से उत्साह के साथ भक्ति में लीन रहे। मंच पर भगवान सांवरिया सेठ का दिव्य दरबार सजाया गया। भजन संध्या में प्रख्यात गायक गोकुल शर्मा ने करीब 4 घंटे भजनों की प्रस्तुति दी। समारोह तीन छत्री बालाजी के संत रामकिशोर दासजी, रामकथा प्रवक्ता पंडित दशरथ भाई जी, भागवत प्रवक्ता विष्णुजी शर्मा के सानिध्य में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता यशपालसिंह सिसोदिया, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

भजन गायक गोकुल शर्मा ने सांवरिया सेठ के भजनों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी, जिन पर हजारों श्रद्धालु आस्था से अपने दोनों हाथ उठाए और सांवरिया सेठ के भजनों पर जमकर थिरके। मन्दसौर के युवा, पुरुष और मातृशक्ति में उत्साह इतना था कि पूरा बस स्टैंड परिसर हजारो श्रद्धालुओं से भर गया था। देर रात तक श्रद्धालु सांवरिया सेठ की भक्ति में लीन होकर उत्साह के साथ नृत्य कर रहे थे। भजनों के बीच-बीच में पुष्प वर्षा की गई। आकाश में सतरंगी आतिशबाजी श्रद्धालुओं के उत्साह को बड़ा रही थी। गणेश वंदना के साथ भजनों की शुरुआत की और भजन शुरू किए इसके बाद सांवरिया सेठ के कई भजन एक के बाद एक प्रस्तुत किए। भजनों में म्हारा श्याम मंडफिया वालो. मंडफिया में बिराजा सांवरिया श्याम, म्हारा सांवरिया थारे लूणीयों लायो, म्हारी गाड़ी रो चालक श्रीसांवरिया सेठ सहित कई भजन प्रस्तुत किए। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता यशपालसिंह सिसोदिया ने कहा कि शौर्य के प्रतीक महाराणा प्रताप की आदमकद प्रतिमा और सांवरिया सेठ के भक्त गोकुल शर्मा के भजनों की प्रस्तुति से आज मन्दसौर वासियो में उत्साह का वातावरण है। प्रारम्भ में समिति के अध्यक्ष डॉ भानुप्रताप सिंह सिसोदिया ने स्वागत उद्बोधन दिया और कहा कि मन्दसौर आस्था की नगरी है, समिति द्वारा पिछले करीब एक महीने से आयोजन की भव्यता को लेकर तैयारी की गई थी जिसके फलस्वरूप प्रख्यात भजन गायक गोकुल शर्मा को सुनने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु यहां पहुंचे हैं।

**प्रख्यात भजन गायक का किया सम्मान**-भजन संध्या के प्रारंभ में प्रख्यात भजन गायक गोकुल शर्मा का दशपुर सांस्कृतिक उत्सव समिति द्वारा साफा बांधकर, शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। अथितियों का स्वागत अध्यक्ष डॉ भानुप्रताप सिंह सिसोदिया, वरिष्ठ समाजसेवी नंदकिशोर अग्रवाल, मुकेश काला, संजय वर्मा, नंदू भाई आडवाणी, पंकज सेठिया, राजेश पाठक समेत समिति सदस्यों द्वारा किया गया। संचालन पत्रकार लोकेश पालीवाल ने किया।

# विश्व पुस्तक मेला-2025 में मप्र की पुस्तकें बनीं आकर्षण का केंद्र

**मंदसौर, 09 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** नई दिल्ली के भारत मंडपम में 9 फरवरी तक चल रहे नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले- 2025 में मध्यप्रदेश की पुस्तकें खास आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। मेले में हॉल नंबर 2 के आर-59 में शासन के पर्यटन विभाग और संस्कृति विभाग का संयुक्त स्टॉल तथा पी-06 में मप्र हिन्दी ग्रन्थ अकादमी का स्टॉल लगाया गया है।

पर्यटन और संस्कृति विभाग के स्टाल में भोपाल और उज्जैन के प्रतिष्ठित प्रकाशकों जैसे स्वराज संस्थान, धर्मपाल शोधपीठ, महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ, वीर भारत न्यास, जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी, मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास तथा हिन्दी साहित्य अकादमी की पुस्तकें विक्रय के लिए उपलब्ध हैं। इन पुस्तकों के माध्यम से राज्य के स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास, सांस्कृतिक विरासत, कला-संस्कृति, पर्यटन, ऐतिहासिक धरोहर और पुरातत्व जैसे विषयों पर प्रकाश डाला गया है। राज्य के प्रसिद्ध साहित्यकारों की रचनाएं भी यहां उपलब्ध हैं। गांधी दर्शन, अद्वैत वेदांत दर्शन, लोकगीत तथा देवी-स्तुति गीत, भिति चित्र, लोक तथा जनजातीय कला जैसे विषयों पर आधारित दुर्लभ पुस्तकों को पाठक खूब पसंद कर रहे हैं। पुस्तकालय संचालक, शोधकर्ता, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र भी बड़ी संख्या में स्टॉल पर पहुंच रहे हैं। पर्यटक और प्रकृति प्रेमी पर्यटन विभाग के प्रकाशन - मध्यप्रदेश गाइड मैप, 'वाइल्ड एमपी', 'उज्जैन: द लिविंग लेजेंड', 'बुंदेलखंड: द हार्ट बीट ऑफ एमपी', 'सतपुड़ा' और 'बर्ड ऑफ भोपाल' किताबों में विशेष रूचि ले रहे हैं। मप्र हिन्दी ग्रन्थ अकादमी के स्टॉल में राज्य के नाट्य संग्रह, काव्य शास्त्र, विज्ञान, समाजशास्त्र, व्याकरण, बुन्देली साहित्य, भारतीय कला और दर्शन, इत्यादि की पुस्तकें उपलब्ध हैं।

## चित्रकला प्रतियोगिता सम्पन्न

**मंदसौर, 09 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्री जांगिड ब्राह्मण सुथार पंचायत ट्रस्ट मंदसौर की महिला मंडल का गठन महिलाओं में जागृति लाने के लिए किया गया महिला मंडल ने शिव प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में भजन संध्या का आयोजन कर भगवान शिव की आराधना की एवं समाज में नई जागृति लाने के लिए महिलाओं को एकत्र करने के लिए संगठन का भी गठन किया गया जिसके तहत अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी तिवारी उपाध्यक्ष शीतल झलोया एडवोकेट, श्रीमती संतोष झटावा श्रीमती मोनिका झलोया, कोषाध्यक्ष श्रीमती ज्योति तिवारी, सचिव श्रीमती शशि झलोया, सह सचिव श्रीमती वीणा तिवारी एवं कार्यकारिणी में श्रीमती मंजू झलोया, मनोरमा झलोया, श्रीमती आशा सुजेरा श्रीमती ललिता झालोया श्रीमती कांता सुजेरा, श्रीमती मेघना झलोया, श्रीमती वर्षा तिवारी, श्रीमती पिंकी हसवार को कार्यकारिणी में लिया गया महिला संगठन ने भगवान विश्वकर्मा जयंती की पूर्व संध्या को पेंसिल के माध्यम से समाज जनों की प्रतिभाशाली बालिक बालक बालिकाओं ने भगवान विश्वकर्मा के चित्र का भी चित्रण किया। इसमें सर्वश्रेष्ठ चित्र बनाने वाले बालक बालिकाओं को आने वाले कार्यक्रम में सम्मानित किया जावेगा। चित्रकला प्रतियोगिता के निर्णायक मुकेश शर्मा, राजेश झलोया आदित्य जिन्होंने उत्कृष्ट चित्रकारिता का चयन किया।

# मन चंगा तो कठौती में गंगा-पं.शास्त्री

## महाकुम्भ प्रयागराज के उपलक्ष में पं. कृष्ण वल्लभ शास्त्री के मुखारविंद से चतुर्थ दिवस की कथा में हुआ श्री कृष्ण जन्म

**मंदसौर, 09 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** महाकुम्भ प्रयागराज 2025 महापर्व के उपलक्ष में मंदसौर के पद्मावती रिसोर्ट के सामने स्थित विश्व मंगल बालाजी इंदिरा कॉलोनी मे ज्ञान गंगा रूपी श्रीमद् भागवत कथा भागवत विचार संस्थान के द्वारा आयोजित की जा रही है। जिसके तहत चतुर्थ दिवस की कथा मे पं. श्री कृष्ण वल्लभ शास्त्री ने रामायण की कथा मे से उदाहरण के तौर पर कहा कि कभी भी झूठे बेर किसी को खिलाना नहीं! और बताया कि भागवत कथा में एक ही श्लोक है। अब श्री कृष्ण की कथा में प्रवेश करते हैं, तो सुखदेव जी महाराज राजा परीक्षित को कथा सुना रहे होते हैं। उदाहरण के तौर पर पंडित शास्त्री द्वारा कहा गया की श्री कृष्ण कथा एवं भागवत कथा सुनने वाले सभी श्रोताओ को पवित्र कर देती है। उदाहरण के तौर पर पंडित शास्त्री द्वारा कहा गया कई वर्षो पूर्व जब पिताजी शरीर छोड़कर चले गए तो कलश पोटली के अंदर विराजमान उनकी अस्थियां गंगा मे



प्रवाहित करनी थी। हरिद्वार जाने योग्य ना पाकर विद्वानों से सलाह लेने के बाद कलश पोटली को कवेलू में फंसा देते थे। और फिर कुछ दिनों बाद सभी कलश पोटली एकत्रित कर जाने योग्य व्यक्ति हरिद्वार ले जाता था। पंडित शास्त्री ने इस कथा के माध्यम से बताया कि कलश पोटली के लिए कभी भी किसी विश्वास पात्र को ही भेजना कभी भी अकेले गंगा में प्रवाहित मत करना। उदाहरण के तौर पर कहां की नदी नाले में बहाने से अस्थि विसर्जन को मोक्ष ना मिलने का कारण बताया। आगे कहा कि कभी पुरुष को पता ही नहीं होता है कि महिलाएं चूड़ी कितनी पहनती है। यह भी बताया गया कि जिसको चिंता होती है उसका स्वास्थ्य खराब हो जाता है, तो उसका पेट सबसे पहले खराब होता है। कहे तो 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' के अनुसार गंगा के 12 नाम का उच्चारण कर इस कथा मे ज्ञान की गंगा से मिलना बताया। फिर कृष्ण कथा के अनुसार रोहिणी के ग्रह से लेकर देवकी की संतान उत्पत्ति तक की कहानी में रोहिणी नक्षत्र सभी शांत हो जाते हैं तिथि अष्मी आती है और ब्रह्मा जी द्वारा वरदान दिया जाता है तब वासुदेव और देवकी की कोख से आठवीं संतान के रूप में भगवान विष्णु कृष्णावतार के रूप में अवतरित हुए। आठवीं संतान के रूप मे अष्मी की रात्रि 12 बजे के योग पर कृष्ण जी का जन्म हुआ। जन्म के बाद श्री कृष्ण को गोकुल यशोदा भेज दिया गया था। वहां बैठी सैकडो महिलाओं और पुरुषों ने श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया। पहले टोकरी मे बैठाकर लाये, फिर पालने मे झूलाया। केक भी काटा। तातपश्चात पंडित शास्त्री ने श्री कृष्ण भगवान रूपी बालक को गोद में खिलाया। इस अवसर पर जिला धार्मिक उत्सव समिति भी उपस्थित रही। श्री कृष्ण बांसुरी वादन एक बालिका द्वारा किया गया। अंत में इंद्रा कॉलोनी मे हो रही कथा के माध्यम से ही पंडित श्री कृष्ण वल्लभ शास्त्री द्वारा इस कथा में अधिक से अधिक संख्या में पधारने का अनुरोध किया गया।

# शराबबंदी से मंदसौर में अपराध में कमी आएगी

**मंदसौर, 09 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** पुर्ण शराब बंदी को लेकर भगवान पशुपतिनाथ की धर्मिक नगरी मे मध्य प्रदेश जन अभियान द्वारा मंदसौर नगर पालिका के सभी वार्डों में र्चलाया जा रहा है। जागरूकता अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 39 में शराबबंदी अभियान के तहत वार्ड की पार्षद श्रीमती भारती धीरज पाटीदार के द्वारा मात्र शक्तियों ने शासन के फैसले शराबबंदी का स्वागत किया। उन्होने कहा बाबा भगवान पशुपतिनाथ की नगरी में मध्य प्रदेश शासन का यह बड़ा फैसला है की धार्मिक नगरी को शराब मुक्त किया जा रहा है,




हम सभी महिलाएं इस फैसले का स्वागत करती हैं। मध्य प्रदेश शासन को धन्यवाद देती हैं। डॉ.विजय राठौर ने कहा की शासन का यह फैसला बहुत महत्वपूर्ण है, जससे मंदसौर में अपराध में कमी आएगी और एक स्वच्छ वातावरण बनेगा। सरकार का हम सब वार्ड वासी मिलकर स्वागत करते हैं। कार्यक्रम में सार्थक संस्था के सभी पदाधिकारी, प्रियदर्शन सामाजिक सेवा संस्था से दिनेश सोलंकी, परेश्वर युवा विकास समिति से रतनलाल चौहान, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बाजखेडी से लाला भाई अजमेरी, मंजू भावसार, मेंटर्स संदीप शर्मा एवं महिलाएं और वार्ड वासी मौजुद थे।

## प्राण प्रतिष्ठा उत्सव पर सुंदरकांड का आयोजन हुआ

**मंदसौर, 09 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्री जांगिड़ ब्राह्मण सुतार पंचायत ने नवयुवक मंडल का गठन किया ताकि युवाओं में संगठित होकर नेतृत्व करने की क्षमता का विकास हो युवाओं ने शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के आयोजन में सुंदरकांड का संगीत में आयोजन किया गया।

जिसमें श्रीजी प्रभु एवं राजा भैया सोनी मित्र मंडल द्वारा आकर्षक भजन संध्या के साथ सुंदरकांड संगीतमय प्रस्तुति दी गई। सुंदरकांड के आरंभ में सुंदरकांड का वाचन करने वाले वालों का स्वागत नवगठित नवयुवक मंडल के अध्यक्ष अंशुल तिवारी, उपाध्यक्ष अंकित झलोया, उपाध्यक्ष आयुष वृधवा, उपाध्यक्ष आशीष झटावा, सचिव वैभव हंसवार सचिव सूरज सुजेरा, सह सचिव सौरभ झटावा श्री जांगिड ब्राह्मण ट्रस्ट के अनिल तिवारी अंगिरा ऋषि शिक्षण संस्थान के कोषाध्यक्ष राजेश धारणियाद्व सचिव शरद तिवारी, जितेन्द्र शर्मा आशीष जाटव योगेंद्र हैंसर पंकज गजवा मनीष किशोर शर्मा आदि ने भगवान विश्वकर्मा के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आयोजन का शुभारंभ किया।

## मजदूर कल्याण समिति मप्र की कार्यकारिणी घोषित

**मंदसौर, 09 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मजदूर कल्याण समिति मध्य प्रदेश अध्यक्ष करण सिंह परिहार द्वारा प्रदेश की कार्यकारिणी की घोषणा की। मजदूर कल्याण समिति लगातार सामाजिक एवं शैक्षणिक एवं पारिवारिक कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता करती रहती है एवं शासन प्रशासन के साथ मिलकर शासकीय कार्यक्रमों में भी अपनी सहभागिता समय-समय पर करती है।

आज प्रदेश अध्यक्ष करण सिंह परिहार द्वारा अपनी बॉडी की घोषणा करते हुए आशा की है कि मजदूरों के हितों के लिए आप सभी अपना तन मन और धन मजदूर कल्याण के लिए करते रहेंगे। कार्यकारिणी में सर्वप्रथम प्रदेश अध्यक्ष करण सिंह परिहार, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी गोवर्धन लालहाड़ा, प्रदेश महिला अध्यक्ष, पुष्पा चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर रमेश अहिरवार, विक्रम गुर्जर सागर परिहार, प्रदेश महामंत्री पद पर बापुलाल गुर्जर, सुनील शर्मा, संभाग अध्यक्ष प्रदेश मंत्री उज्जैन श्रीमती रामकन्या मालवीय, प्रदेश मंत्री पद पर श्री लक्ष्मी नारायण खींची, विष्णु खींची, लक्ष्मण गुर्जर, प्रदेश मीडिया प्रभारी नवीन कुमार चौहान, सह मीडिया प्रभारी, दीपक भारती, प्रदेश संयोजक संस्कृति प्रकोष्ठ, निर्भय गिरी महाराज, प्रदेश संयोजक शिक्षा प्रकोष्ठ राजेश कुमार शुक्ला, प्रदेश सचिव अर्जुन बामनिया, प्रदेश संगठन मंत्री कैलाश रावत, प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा अजय जटिया, प्रदेश प्रभारी युवा मोर्चा राज सरगरा, प्रदेश मंत्री सुनील धानक, इसके साथ साथी चार जिले के अध्यक्ष के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मंदसौर जिला अध्यक्ष पद पर सुनील सिखवाल, नीमच जिला अध्यक्ष पद पर करण सिंह मावडा, रतलाम जिला अध्यक्ष पद पर भगवती लाल सरगरा सरगरा, उज्जैन जिला अध्यक्ष के पद पर जगदीश आंजना को नियुक्त किया गया, प्रदेश अध्यक्ष करण सिंह परिहार ने यह नियुक्ति की है एवं मजदूरों के हितों में काम करने के लिए आह्वान किया गया।

## जायसवाल पंचतत्व में विलीन, दी श्रद्धांजलि

**मंदसौर, 09 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** सेठ स्व. श्री रमनलाल जायसवाल के जेष्ठपुत्र एवं कांग्रेस नेता रवि जयसवाल, युवा व्यवसाई निर्मल एवं राजू जायसवाल के बड़े भाई सुबोध जायसवाल के पूज्य पिताजी एवं अर्पित, सावन एवं



मानव, सागर के बडे पापा भागवत नगर विकास एवं सेवा समिति के संरक्षक श्री शिवप्रकाश पप्पू जायसवाल का आकस्मिक निधन शनिवार रात को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा रविवार को प्रात: 11.30 बजे उनके निवास स्थान भागवत नगर नर्सिंग घाट अखाड़े के पास से शव वाहन से निकली। शिवना किनारे मुक्तिधाम पर उनका अंतिम संस्कार हुआ। शोक सभा में सभी ने श्रद्धांजलि देते हुए श्री जायसवाल को कर्मठ, संघर्षशील व्यक्तित्व का धनी बताया। उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया।

उनकी अंतिम यात्रा में मन्दसौर शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर, भाजपा नेता पंडित अरुण शर्मा, समाजसेवी पंडित दिलीप शर्मा, शामगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सोनू जायसवाल, कांग्रेस नेता सुदीप पाटिल, विनोद शर्मा, समाजसेवी दिलीप नागदा, मनीष सोनी, राधेश्याम बंदूकवाला, छोटू शर्मा, सूर्यप्रकाश राठौर, हरनाथसिंह चौहान, के के बाहेती, वरिष्ठ अभिभाषक कृष्ण वल्लभ त्रिपाठी, रवि आचार्य, रामदयाल जोशी, गोपाल मूंदड़ा, नरेन्द्र जोशी, कन्हैयालाल कुमावत सहित समाज एवं परिवार के सदस्यों ने शामिल होकर नम आंखों से श्री जायसवाल को विदाई दी।

# दशपुर रंगमंच ने प्रसिद्ध गजल गायक जगजीतसिंह की जयंती व कंठ कोकिला लता दीदी की पुण्यतिथि मनाई

**मंदसौर, 09 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** दशपुर रंगमंच ने प्रसिद्ध गजल गायक जगजीतसिंहजी के जन्मदिवस पर व भारत रत्न, कंठ कोकिला लता मंगेशकर की तीसरी पुण्यतिथि पर उनके गाये हुए गीतों व गजलों से उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किये।



अभय मेहता ने उस मोड से शुरु करें फिर ये ज़िंदगी ... हर शय जहाँ हसीन थी से कार्यक्रम की शुरुआत की। आबिद भाई ने जगजीतसिंह की प्रसिद्ध चिट्ठी न कोई संदेश, जाने वो कौनसा देश सुनाई। श्यामगुप्ता ने गजल वक्त का ये परिंदा व हिमांशु वर्मा ने होठो से छू लो तुम मेरा गीत अमर कर दो सुनाकर गजल सम्राट जगजीतसिंह को स्वरांजलि दी। राजा भैया सोनी ने ये दौलत भी ले लो ये शोहरत भी ले लो सुनाकर बचपन के हसीं यादों को ताजा किया। लता दीदी को श्रद्धांजलि देते हुए आबिद भाई ने प्रसिद्ध गीत तुमसे नाराज नहीं जिंदगी हैरान हूँ मैं गाया। वहीं ललिता मेहता ने हम तेरे प्यार में सारा आलम खो बैठे को अपने निराले अंदाज में पेश किया। सती सोनी ने गीत तुम न जाने किस जहां में खो गये सुनाकर तालिया बटोरी तो लोकेन्द्र पाण्डे ने गीत एक तेरा साथ हमको दो जहां से प्यारा है गाकर माहौल रूमानी किया। हिमांशु वर्मा ने गीत मोहब्बत है क्या चीज, राजा भैया ने ये गलियां ये चौबारा, अभय मेहता ने गीत छोडदे सारी दुनियां किसी के लिये सुनाकर संगीत संध्या को सुरीला किया। संचालन अभय मेहता ने किया तथा आभार ललिता मेहता ने माना।



## भानपुरा में क्लस्टर स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न

**भानपुरा, 09 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत मध्य प्रदेश जल निगम द्वारा क्रियान्वित की जा रही गांधी सागर-1 समूह जल प्रदाय योजना के तहत विकासखंड भानपुरा में एक दिवसीय क्लस्टर स्तरीय कार्यशाला का आयोजन वर्ल्ड वाइड वेलफेयर रिसर्च फाउंडेशन क्रियान्वयन सहायता संस्था के द्वारा किया गया। प्रारंभ में कार्यशाला में मुख्य अतिथि पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्री रामसिंह, जनपद सदस्य दशरथ, जनपद पंचायत भानपुरा से अनिल सोनी लेखा अधिकारी, ढाबला माधवसिंह ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि प्रकाश बंजारा द्वारा सरस्वती पूजन एवं माल्यार्पण किया गया। परियोजना क्रियान्वयन इकाई मंदसौर से एसक्यूसी असिस्टेंट मैनेजर श्रीमती सृष्टि शर्मा, एसक्यूसी जितेंद्र, एलएलसी जितेंद्र ने कार्यशाला में भाग लिया। ए क्लस्टर लेवल में 17 ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव एवं ग्राम जल एवं स्वच्छता तदर्थ समिति अध्यक्ष, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, एवं आईएसए से संस्था प्रमुख सुरेंद्र चौधरी, परियोजना प्रबंधक शिवानी धावरी एवं सम्मिलित ग्रामों के कम्युनिटी मोबिलाइजर उपस्थित रहे। रिसोर्स पर्सन श्री राजेंद्र कुमार मिश्रा ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत परियोजना संबंधित संचालन एवं संधारण हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## जिला स्तरीय रोजगार मेला 19 को गरोठ में

**मंदसौर, 09 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला रोजगार अधिकारी द्वारा बताया गया कि, एक दिवसीय युवा संगम मेला, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन 19 फरवरी को प्रात: 11:00 बजे शासकीय एस. एन. उदिया महाविद्यालय परिसर गरोठ में किया जाएगा। बेरोजगार युवा रोजगार मेले का लाभ उठाए। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र के विभिन्न नियोजको द्वारा आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया जाएगा। इसके साथ ही जिला रोजगार कार्यालय मंदसौर द्वारा आवेदकों की काउंसिलिंग कर केरियर मार्ग दर्शन व परामर्श दिया जाएगा। रोजगार मेले के माध्यम से युवाओं को रोजगार के साथ ही व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए लोन की प्रक्रिया को लेकर अन्य जानकारियां दी जाएंगी।

# वार्ड क्र. 39 के तहत जन संवाद की एक नई पहल

**मंदसौर, 09 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** वार्ड क्रमांक 39 की पार्षद श्रीमती भारती पाटीदार एवं मंदसौर नगर में पर्यावरण संरक्षण की पर्याय सार्थक संस्था द्वारा वार्ड निवासियों के साथ एक नई पहल के तहत जन संवाद किया गया।

इसमें अनेक विषयो को शामिल किया गया जिसमें वार्ड की स्वच्छता, वार्ड के बगीचों की देखभाल, जल संरक्षण, आसपास के खाली प्लॉटों में कचरा डालने से उत्पन्न गंदगी की समस्या, पॉलिथीन के उपयोग को कम करने की दिशा में उठाए जाने वाले छोटे-छोटे कदम शामिल किए गए थे। ऐसे अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर वार्ड निवासियों से संवाद किया गया कि किस तरह के कदम उठाए जाएं जिससे हमारा वार्ड साफ रहे, स्वच्छ रहे, कचरे का निष्पादन सही तरीके से हो, प्लास्टिक का उपयोग हम कम से कम करें घर से कपड़े की थैलियां साथ लेकर निकले साथ में पानी की बोतल रखें। प्लास्टिक के अंधाधुंध उपयोग से होने वाले गंभीर रोगों के बारे में भी बताया गया, चाय के डिस्पोजेबल कप से होने वाले गंभीर रोगों एवं खतरों के प्रति भी सचेत किया गया। इस अवसर पर बडी संख्या में वार्ड की महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित हुए। अपने कई महत्वपूर्ण सुझाव वार्ड निवासियों ने समक्ष में आकर दिए। इस अवसर पर श्रीमती तृप्ति पाटीदार ने छोटे-छोटे प्लास्टिक के रैपर्स, छोटी थैलिया इधर-उधर बिखर बिखरी हुई पन्नियों को किस प्रकार प्लास्टिक की बड़ी बोतल में बंद करके हम एक इको ब्रिक बना सकते हैं और उसे कचरा गाडी को दे सकते हैं जिससे वातावरण में कहीं भी यह प्लास्टिक की पन्नियां इधर-उधर हमें फैली हुई दिखाई ना दें। हमारे पानी के स्रोत में यह शामिल न हों इस पर आपने प्रदर्शन दिया। समाजसेवी विजय राठौर ने कहर कि हम अपने घरों में किस प्रकार से ऐसा वातावरण निर्मित करें जिससे पक्षी हमारे घरों की ओर लौटें और प्राकृतिक वातावरण निर्मित हो इस पर बहुत अच्छे सुझाव दिए गए।

सार्थक संस्था की संस्थापक डॉ उर्मिला तोमर द्वारा अपने संबोधन में उन सभी विषयों को समेटा गया जो एक नागरिक दायित्व की श्रेणी में आते हैं, उन्होंने कहा यदि हम साफ सुथरी सड़के चाहते हैं, अच्छी सुविधा नगर पालिका से अपेक्षा करते हैं तो यह हमारा दायित्व है कि हम अपने आसपास के परिवेश को साफ - सुथरा रखें स्वच्छ रखें और अपने नागरिक दायित्व बोध को प्रदर्शित करें। इस अवसर पर सार्थक संस्था द्वारा 100 से अधिक कपड़े की थैलियां का वितरण भी कराया गया, एवं सभी जैसे अपील की गई के सदैव थैलियों को साथ रखें, इनका उपयोग करें विशेष रूप से सामान और सब्जियां आदि लेते हुए प्लास्टिक की थैलियां घर में ना लेकर के आए। कार्यक्रम की प्रणेता श्रीमती भारती पाटीदार ने बताया की जब वार्ड के सभी नागरिक जागरूक और सहयोगी होंगे तो हम वार्ड में और बेहतर कार्य कर सकेंगे सबका साथ लेकर ही सही विकास किया जा सकता है उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि इंदौर की जनता द्वारा दिए जा रहे सहयोग से ही इंदौर नंबर वन बना है। इसका उल्लेख किया और अंत में सभी वार्ड वासियों को अपने वार्ड को प्लास्टिक मुक्त रखने में योगदान देने और प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने वार्ड को स्वच्छ रखने की शपथ एवं संकल्प दिलाया। इस अवसर पर अनेक वार्ड वासियों ने भी अपने सुझाव समक्ष में रहकर दिए। अपने उद्बोधन में वार्ड की पार्षद भारतीय पाटीदार ने बड़ी संख्या में वार्ड के निवासियों की उपस्थिति को देखकर इस बात के लिए उन्हें धन्यवाद किया कि आप सुधीजन हैं जागरूक नागरिक हैं आप अच्छे उद्देश्यों को लेकर यहां उपस्थित हुए इस पर उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया।

# हर बसंत महकते रहेंगे...



**मंदसौर, 09 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** बालकवि बैरागी वो शख्सियत हैं जिनका नाम लेने से शहर की पहचान हो जाया करती है। बैरागीजी एक कवि के साथ साथ कुशल राजनीतिज्ञ, एक श्रेष्ठ संचालक, कुशल वक्ता और श्रेष्ठ गद्य लेखक के साथ साथ बच्चों के बालकवि भी थे। आपने बच्चों के लिए कई गीत कविताएं लिखी जो बच्चों के जीवन के लिए प्रेरणा बनी है। बच्चों के लिए रानी और लाल परी फिल्म के मनमोहक गीत आपने लिखे थे।

सन 1945 में मात्र 14 वर्ष की नन्ही उम्र में कांग्रेस का तिरंगा थामा तो बस थाम ही लिया। स्वतंत्रता संग्राम के सिपाही नहीं रहे परन्तु अपनी ओजस्वी कलम से कई क्रांतिकारी गीत लिखे जो स्वतंत्रता के साक्षी बने। आपकी निष्ठा, अकम्प, अविचल, अनवरत और अनंत रही।

बैरागीजी एकमात्र ऐसे व्यक्ति नहीं, व्यक्तित्व थे जिनकी अखिल भारतीय ही नहीं अंतर्राष्ट्रीय ख्याति आज भी है। बैरागीजी हिंदी भाषा, लोक भाषा मालवी के श्रेष्ठ कवि थे। जिनकी काव्य यात्रा श्रृंगार और अंगार के सोपानों को पार करते हुए, मानवता के लिए सदैव समर्पित रही है। वे मंचजयी कवि रहे हैं कई घंटे श्रोताओं को अपनी कविताओं से बांधे रख सकते थे। ऐसे कई प्रसंग है जब बैरागीजी ने अपनी रचनाओं से देर रात सुबह की भोर तक समा बांधे रखा। बैरागीजी का प्रबल सौभाग्य रहा है कि प. नेहरूजी और इंदिरा जी दोनों ही इन्हें नाम से जानते थे। और समय समय पर अपने महत्वपूर्ण कार्य बैरागीजी से संपादित करवाते थे। गांधीवादी होकर वे गांधीजी शास्त्रीजी एंव साहित्यिक गुरू शिवमंगल सिंह सुमन से प्रभावित थे। बैरागीजी का मालवी फिल्मों में बड़ा योगदान रहा है। मालवी की पहली फिल्म भादवा माता आपकी प्रेरणा से सन 1973 मे बनी थी। मुकुंद त्रिवेदी इसके निर्माता निर्देशक थे। संगीत बालमुकुंद जी के नाम से बैरागीजी और मुकुंद भाई त्रिवेदी ने दिया था। बालकवि से बाल और मुकुंद भाई से मुकुंद लेकर बालमुकुंद नाम से संगीतकार का नाम रखा था। रेशमा शेरा फिल्म के लिए 1970-1971 में संगीतकार जयदेव मुम्बई से चलकर भोपाल आए तब बैरागीजी मध्यप्रदेश शासन में सूचना और प्रकाशन विभाग में राज्यमंत्री थे। अपने पुतली घर आवास में रात्रि 10से 12 बजे के बीच आपने लोकप्रिय गीत तू चंदा मैं चांदनी लिखा था। जिसे लताजी ने गाया था। बैरागी जी के लगभग 70 गीत जयदेव जी की डायरी में गुमनाम चले गये। ये मुझे दिए साक्षात्कार में दादा बैरागीजी ने बताया था। नहीं तो कई गीत इनमें से आज हम सबकी जुबां पर होते। बैरागीजी के मालवी गीतों में बाजे रे ढोल बाजे, आई रे बरखा रानी,, लखारा, बादरवा अईग्या कणप्रिय गीत है। साथ ही पनिहारिन मालवी की कालजयी कविता है।

हिंदी राष्ट्रभाषा के विनम्र सेवक के रूप में देश विदेश में पहचाने जाने वाले बैरागीजी ओजस्वी कवि रहे है। हिंदी सेवा के अमूल्य योगदान के लिए सैकड़ों बार बैरागीजी सम्मानित विभूषित किये गये। बैरागीजी जब तक रहे साहित्य और राजनीति में रहते हुए एक सरस्वती पुत्र का दायित्व धर्म बखूबी निभाया। साहित्य को धर्म, राजनीति को कर्म मानते हुए इन दोनों की लक्ष्मण रेखा को बहुत बारीक मानते हुए राजनीति को कभी कविता का विषय नहीं माना। उनका मानना था कि उनकी सरस्वती ने कभी राजनैतिक आभा को कालिख नहीं लगने दी। बैरागी जी के साहित्य पर कई विद्यार्थियों ने पी.एच.डी की उपाधि प्राप्त कर अपने को गौरवान्वित महसूस किया। आज 10 फरवरी की बसंत बेला है और दादा बैरागीजी का पावन 95 वां जन्म महोत्सव। ये दिन उनके साहित्यकार मित्रों स्नेहियों के लिए एक उत्सव साहित्य पर्व भी है। उनसे मिलने मनासा जाते और दादा के आत्मीय आशीषों से हम पुलकित हो जाते, खूब ठहाके लगाते। दादा आज भी हमारे करीब उतने ही है जितने पहले। दादा हर बसंत हम सभी के साथ खिलखिलाते रहेंगे महकते फूलों की तरह। जन्म दिन शुभ शुभ हो दादा आपको।

**लाल बहादुर श्रीवास्तव मंदसौर**

# हनीट्रेप:किसान को किया ब्लेकमेल, पांच गिरफ्तार आरोपियों को जैल भेजा, दो की तलाश

**पिपलियामंडी, 09 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। एक किसान को बलात्कार का झूंठा प्रकरण दर्ज करने की धमकी देकर ब्लेकमेलिंग करने के मामले में पुलिस ने 7 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया। इसमें 5 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जिन्हें कोर्ट ने जैल भेजने के आदेश दिए। वहीं दो आरोपी फरार है, जिनकी पुलिस तलाश कर रही है।**

जानकारी के अनुसार एक किसान ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि 2 माह पूर्व मेरे मोबाईल नंबर पर एक महिला का नंबर कॉल आया, उसने मुझे उसने अपना नाम अर्चना निवासी चल्दू की रहने वाली बताया, अंजान नंबर से बात होने पर मैने फोन काट दिया था, अगले दिन फिर अर्चना का मेरे पास फोन आया, मैने उससे बात की। वह मुझे रोज फोन करने लगी, इसके बाद अर्चना से मेरी दोस्ती हो गई। अर्चना 11 जनवरी 2025 को मुझसे बोली कि मैं तुमसे प्यार करती हूं और मैं तुमसे मिलना चाहती हूं और उसने सांवरिया सेठ के दर्शन करवा कर आने के लिये कहा था तथा रात में वहीं किसी होटल में रूकने के लिये भी बोला था तो मैंने अर्चना को सांवरियाजी चलने के लिये हाँ कर दी। 12 जनवरी 2025 को दोपहर 12.30 बजे करीब अर्चना का फोन आया और उसने मुझे बताया कि तुम भाटखेडा फण्टे पर आ जाना वहां से मै तुम्हारे साथ चलूंगी, मैं बाइक से भाटखेडा फण्टा पहुंचा और मैंने अर्चना को फोन कर बताया कि मै भाटखेडा फंटे पर आ गया हू, वहां अर्चना ने कहा कि मेरी सहेली ममता है, इसे भी दर्शन करने साथ लेकर चलना है, इसे हम दोनों के बारे में सब बात बता रखी है। अर्चना ने कहा कि इससे तुम्हें कोई दिक्कत नही होगी तो मैं मेरी मोटरसायकल पर अर्चना व ममता को बैठाया और सांवलियाजी दर्शन के लिए गए। फिर हम तीनो ने मंदिर के बाहर होटल पर खाना खाया था फिर अर्चना के कहने पर एक होटल में रुके। रात भर वहीं रुके सुबह 5 बजे करीब उठा तो मैनें देखा कि ममता किसी को मैसेज कर रही थी कुछ देर बाद हम लोग वापस आने के लिये मेरी मोटर सायकल से निकल गये और मण्डफिया गांव के बाहर करीब 02 किलोमीटर आवरी माता मंदिर के रास्ते पर पहुचे ही थे कि तीन व्यक्तियो ने मेरी मोटरसायकल को रूकवाया, एक व्यक्ति ने मेरी कालर पकड ली और एक ने मेरा हाथ पकड लिया और कहने लगे की तूं हमारी औरतों को लेकर कहां घूम रहा है तो मैने कहा कि सांवरियाजी दर्शन करने आये थे तो तीनों व्यक्ति ने दोनों महिलाओं से पूछा कि तुम यहां इसके साथ क्या कर रही हो तो दोनों महिलाओं ने कहा कि यह व्यक्ति हमें कल जबरदस्ती उसकी मोटर सायकल पर बैठा कर लेकर आया था और इसने लाज के कमरे मे अर्चना के साथ खोटा काम किया है, तो मैने कहा कि न तो मै आप लोगो को जबरन लेकर आया था और न ही मैने कोई गलत काम किया है, तो तीनों व्यक्ति मेरे साथ मारपीट करने लगे, फिर यह मुझे पकड कर जबरन थाने तरफ मेरे खिलाफ झूठी रिपोर्ट लिखाने के लिए ले जाने लगे। इतने में मोटरसायकल से चन्दवासा का जयसिंह मोगिया वहां पर आ गया, पडोस के गांव का होने से मैं उसे जानता हूं, उसने आकर वहां पर बीच बचाव किया और उन तीनों व्यक्तियों से पूछा कि नंदकिशोर को कहां लेकर जा रहे हो तो दिनेश नाम का व्यक्ति बोला कि इसने मेरी पत्नि के साथ खोटा काम किया है। हम इसके खिलाफ रिपोर्ट लिखाने जा रहे है। तो जयसिंह ने उन तीनों व्यक्तियों से बातचीत की और फिर जयसिंह ने इनसे मामले को रफादफा करने की बात की। तीनों व्यक्तियों ने 05 लाख रूपये की मांग की। मैंने कहा कि मेरे पास इतने रुपए नही है तो ममता व अर्चना मेरे खिलाफ बलात्कार की रिपोर्ट लिखाने के लिए जाने लगे। मैंने डर व प्रतिष्ठा के कारण रुपए देने की हां कर दी। मैंने फसल बेची थी, वहीं घर में रखे सोने-चांदी के जेवर गिरवी रखे और घर में चोरी होने की शिकायत थाने पर दर्ज कराई। इसके बाद मैंने चंदवासा निवासी जयसिंह को दो लाख रूपये दिये और बाकी के तीन लाख रूपये 5 दिन बाद देने के लिये कहा। इसके बाद मुझे शंका हुई कि यह व्यक्ति अचानक वहां कैसे आए ? मुझे लगा कि मेरे साथ ब्लेकमेलिंग की जा रही है। मैंने तलाश की तो पता चला कि अर्चना का असली नाम कान्ति बाई है और उसका पति दिनेश चौहान बर्डिया बरखेडा का रहने वाला है, जो उसके साथ था तथा दूसरी महिला ममता का असली नाम प्रियाबाई है तथा उसका पति गोविन्द सोलंकी चन्दवासा का उसके साथ था तथा एक बंशीलाल मेघवाल चंगेरी का था। जयसिंह ने मुझसे बोला कि बाकी के बचे तीन लाख रूपये जल्दी दे देना नही तो तेरे खिलाफ झूठी बलात्कार की रिपोर्ट लिखा देंगे। इसके बाद जयसिंह मुझे पैसे के लिए ब्लेकमेल करने लगे। गोविंद बावरी और बंशीलाल मेघवाल को लेकर मेरे खेत पर आया और मुझे इन लोगो ने धमकाया। प्लान बनाकर पहले अर्चना से मेरी बात कराई और फिर मुझे बातों मे फसाकर सावरियांजी दर्शन करने का बोलकर मेरे साथ सावरियांजी गई और वहां पर मुझ पर बलात्कार करने का झूठा आरोप लगाकर दो लाख रूपये हडप लिए तथा बाकी के बचे तीन लाख रूपये को लेकर मुझे ब्लेकमेल करने लगे। फरियादी किसान की रिपोर्ट पर पुलिस ने चंदवासा निवासी जयसिंह सोलंकी, गोविन्द सोलंकी व प्रिया, चंगेरी निवासी बंशीलाल, बरड़िया बरखेड़ा निवासी दिनेश चोहान, अर्चना उर्फ कांतिबाई के खिलाफ केस किया। मल्हारगढ़ टीआई राजेन्द्र पंवार ने बताया कि पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिन्हें जेल भेजने के आदेश दिए है। वहीं गोविन्द व प्रिया फरार है। जिनकी पुलिस तलाश कर रही है।

## वैश्य महासम्मेलन युवा इकाई द्वारा रक्तदान किया

**मंदसौर, 09 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** वैश्य महासम्मेलन जिला युवा इकाई मन्दसौर द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी रक्तदान महादान की संकल्पना को लेकर वैश्य महासम्मेलन के संस्थापक, स्वतंत्रता सेनानी श्रद्धेय श्री नारायण प्रसाद गुप्ता 'नानाजी' की पुण्य स्मृति को 'संकल्प दिवस' के रूप में मनाते हुए युवा इकाई द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन वैश्य महासम्मेलन के जिला प्रभारी श्री नरेंद्र अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिला अस्पताल मंदसौर में आयोजित किया गया जिसमें 21 रक्तदान दाताओं द्वारा रक्तदान किया गया। रक्तदाताओं का एडवोकेट श्री गौरव रत्नावत के सहयोग से प्राप्त स्मृति चिन्ह व जिला अस्पताल द्वारा जारी रक्तदान प्रमाण पत्र पुष्पमाला पहनाकर भेंट किये गया।



इस अवसर पर सर्व श्री नंदकिशोर अग्रवाल संरक्षक जगदीश चन्द चौधरी जिलाध्यक्ष, भगवानदास विजयवर्गीय जिला महामंत्री,श्री राजेंद्र छाजेड़, श्री कमल कोठारी, श्री के.के.मोदी, श्री गोविन्द मुजावदिया, श्री नरेन्द्र उदिया राजेश बोहरा युवा इकाई के पदाधिकारी सर्व श्री कपिल भंडारी प्रदेश महामंत्री, आशीष अग्रवाल संभागीय अध्यक्ष, जगदीश काला जिला प्रभारी, राकेश दुग्गड जिलाध्यक्ष, दिलीप सेठिया जिला महामंत्री विशेष रूप से उपस्थित रहे। वैश्य महासम्मेलन द्वारा नानाजी की पुण्यतिथि पर डॉ आशीष अग्रवाल, जगदीश काला, आशिष बंसल, दीपक पारिख, सचिन पाटनी, अप्रेश भंडारी, विवेक खाबिया, दीपक चौधरी, शाहनवाज शिका, प्रदीप गुर्जर, यशवंत सिंह, रवि सोलंकी ने रक्तदान किया । रक्तदान का यह क्रम निरंतर जारी रहा।

## विद्यार्थियों से परीक्षा पे चर्चा करेंगे प्रधानमंत्री

**मंदसौर, 09 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 10 फरवरी को देश के विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पे चर्चा करेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री हर वर्ष परीक्षा के तनाव को दूर करने के लिए विद्यार्थियों से संवाद करते हैं। इस वर्ष यह कार्यक्रम सोमवार 10 फरवरी को प्रात: 11 बजे से नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है।



इस कार्यक्रम का संचार माध्यमों पर सीधा प्रसारण किया जायेगा। दूरदर्शन, डीडी नेशनल, डीडी न्यूज, डीडी इंडिया एवं ऑल इंडिया रेडियो के सभी चैनल, पीएमओ वेबसाइट ूसीं.ळि, यूट्यूब, एमओई, फेसबुक लाइव, स्वयंप्रभा चैनल एमओई, दीक्षा चैनल एमओई से भी कार्यक्रम का प्रसारण होगा। कार्यकम का प्रसारण अन्य निजी चैनल भी करेगें। कार्यक्रम को ऑनलाइन देखे जाने के लिये यूट्यूब लिंक https://www.youtube.com/watch?v=G5UhdwmEEls भी जारी की गई है। कार्यक्रम में विद्यार्थी एवं शिक्षक तथा अभिभावक उक्त लिंक के माध्यम से सहभागिता कर सकेंगे।

**स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह कार्यक्रम में होंगे शामिल**–स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह, सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. संजय गोयल और स्कूल शिक्षा विभाग में अन्य वरिष्ठ अधिकारी राजधानी भोपाल के सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय से विद्यार्थियों के साथ कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती शिल्पा गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में भी राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद और सभी जिला शैक्षिक प्रशिक्षण संस्थानों में हाई और हायर सेकेण्डरी स्कूलों में विद्यार्थियों की लाइव प्रसारण में सहभागिता होगी। स्कूलों में टीवी प्रसारण के अलावा, इंटरनेट एक्सेस डिवाइस (कंप्यूटर लैपटॉप / मोबाइल इत्यादि) पर भी कार्यक्रम देखने की सुविधा दी जा रही है। प्रदेश के दूरदराज के क्षेत्रों में जहां टीवी देखने की व्यवस्था संभव नहीं होगी वहां रेडियो/ट्रांजिस्टर की व्यवस्था किये जाने के लिये निर्देश दिये गये है।

## मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की तृतीय किश्त का वितरण आज करेंगे डॉ. यादव

**मंदसौर, 09 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव कल 10 फरवरी को मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के हितग्राही परिवारों को योजनांतर्गत वर्ष 2024-25 की तृतीय किस्त का वितरण सोनकच्छ, जिला देवास से करेंगे। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत वर्ष में कुल राशि रूपये 6000/-तीन समान किश्तों में प्रदान की जाती है। उक्त आयोजन का प्रसारण जिला/ब्लॉक/ ग्राम पंचायत स्तर पर किया जाएगा।

### ✻ उठावना ✻

सेठ स्व. श्री रमनलाल जी जायसवाल के जेष्ठ पुत्र एवं कांग्रेस नेता रवि जायसवाल, युवा व्यवसाई निर्मल जायसवाल एवं राजू जायसवाल के बड़े भाई साहब सुबोध जायसवाल के पूज्य पिताजी एवं अर्पित, सावन एवं मानव, सागर के बड़े पापा भागवत नगर विकास एवं सेवा समिति के संरक्षक समाजसेवी श्री शिवप्रकाशजी उर्फ पप्पू भैया जायसवाल का निधन दिनांक 08-02-25 को हो गया है। उठावना दिनांक 10/02/2025 को दोपहर 01 बजे निवास स्थान भागवत नगर नर्सिंग घाट अखाड़े के पास मन्दसौर पर होगा।



**✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻**
**जायसवाल परिवार, मंदसौर**

### उठावना एवं पुष्पांजलि

श्री रतनलालजी सुराह (ग्वाला) की धर्मपत्नी, स्व. प्यारेलालजी सुराह की भाभी सा, स्व. महेशजी (मुन्ना) की माताजी एवं मोहनलालजी, स्व. प्रभुलालजी, शंकरलालजी की काकीजी, बाबूलालजी, राधेश्यामजी, रमेशजी (सभापति नगर पालिका) की बड़ी मम्मी, मुकेश, अनिल की दादीजी एवं महेन्द्र, पंकज, गुड्डू, सतीश, सोमिल, निर्मल, दिव्यांशु की बड़ी दादीजी श्रीमति दुर्गाबाई का देवलोकगमन दिनांक 08 फरवरी 2025 शनिवार को हो गया है। जिनका शोक निवारण/उठावना/पुष्पांजलि कार्यक्रम 10 फरवरी सोमवार को दोपहर 3 बजे निज निवास स्थान कर्मचारी कालोनी नयापुरा पर रखा गया हैं।



**✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻**
**रतनलालजी सुराह पहलवान (ग्वाला) सुराह (ग्वाला) परिवार मंदसौर**

### ✻ संयुक्त उठावना ✻

स्वर्गीय सूरजमल जी जैन (निंबोद) की पुत्रवधू स्वर्गीय डॉ. मणिलाल जी जैन की धर्मपत्नी सुभाष, स्वर्गीय सोहनलाल, विनोद कुमार की बड़ी भाभी, विपिन (विधायक मंदसौर), नितिन, शैलेंद्र व संस्कार की बड़ी मम्मी डॉ राकेश जैन, दिनेश जैन की माताजी उत्कर्ष, दक्ष व शारव की दादी जी ओर सुंदरलाल जी जैन, शांतिलालजी जैन, स्वर्गीय प्रताप सिंह जी, स्वर्गीय हस्तीमल जी भटेवरा धुंधडका वाले की बहन श्रीमती मनोरमा जैन (भटेवरा) का स्वर्गवास दिनांक 09-02- 2025 (रविवार) को हो गया है जिनका संयुक्त उठवना दिनांक 10-02 2025 सोमवार सुबह 10:00 बजे जैन धर्मशाला पिपलिया मंडी जिला मंदसौर पर रखा गया है



**✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻**
**निंबोद एवं धुंधड़का परिवार**

### राजकुमार गुप्ता, एड०होकेट

कार्यालय व निवास-207 तिरूपति नगर, होटल सम्राट के सामने पानी की टंकी के पास स्टेशन रोड, मंदसौर (मप्र)-458001 Mobile No-98260-58658 E-Mail-rkguptamds@gmail.com

क्रमांक 110/2025 दिनांक 08.02.2025

### ✻✻✻ जाहिर सूचना ✻✻✻

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा गोपालसिंह पिता शिवसिंह पंवार, निवासी ग्राम महुवी तहसील सीतामऊ जिला मंदसौर में आवासीय आबादी सर्वे क्रमांक 318, मकान नं. 82, वार्ड नं. 05, पटवारी हल्का नं. 00130 पर दर्ज होकर पता-ग्राम महुवी, तहसील सीतामऊ, जिला मंदसौर में उनके हक और हिस्से का स्वत्व त्याग विधिवत रजिस्टर्ड, स्वत्व त्याग विलेख ई पंजीकरण क्रमांक एमपी 15 आईजीआर 17872025ए 100074880 दिनांक 05.02.2025 से मेरे पक्षकार मानकुंवर पति गोपालसिंह पंवार, निवासी ग्राम महुवी, तहसील सीतामऊ, जिला मंदसौर के पक्ष में उप पंजी कार्यालय सीतामऊ में करवाया गया है। उक्त मकान की चतुर्सीमा व पैमाईश निम्नानुसार है-

पूर्व में-आम रास्ता, पश्चिम में-नेपालसिंह, उत्तर में-नेपालसिंह, दक्षिण में-गली रास्ता, पैमाईश रकबा-900 वर्ग फीट या 83.64 वर्ग मीटर,

उक्त सम्पत्ति पर मेरे पक्षकार द्वारा INDIAN SHELTER FINANCE, CORPORATION LIMITED, Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है, यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार बोझ आदि उक्त सम्पत्ति पर हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करे, वरना बाद गुजरने, मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी जो सूचित हो।

भवदीय
राजकुमार गुप्ता, एडवोकेट मन्दसौर






स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in